संख्या- 117 /2019 / 868 /चार-2019 -09 (बजट)/ 2017

प्रेषक,

शिशिर
विशेष सचिव ,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 25 जून, 2019

विषय:- वित्तीय वर्ष 2019-20 में जनपद मथुरा के वृन्दावन में गीता शोध संस्थान की स्थापना एवं भवन के निर्माण हेतु प्रशासकीय/वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-4539/सं0नि0-6(125)/2017-18 दिनांक 29 मार्च, 2019 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद मथुरा के वृन्दावन में गीता शोध संस्थान की स्थापना एवं भवन के निर्माण हेतु मूल्यांकित लागत रू0 492.78 लाख के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2018-19 में शासनादेश संख्या- 98/2018/1408/चार-09(बजट)/2017 दिनांक 10 जुलाई, 2018 धनराशि रू0 50.00 लाख तथा शासनादेश संख्या- 05/2019/4228/चार-2018 -09(बजट)/2017 दिनांक 18 जनवरी, 2019 द्वारा धनराशि रू0 50.00 लाख अर्थात कुल धनराशि रू0 100.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी है। तद्क्रम में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2019-20 में प्रश्नगत कार्य हेतु प्राविधानित धनराशि रू0 100.00 लाख (रूपये एक करोड मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है।

2- शासनादेश संख्या-98/2018/1408/चार-09(बजट)/2017 दिनांक 10 जुलाई, 2018 तथा शासनादेश संख्या-05/2019/4228/चार-2018-09(बजट)/2017 दिनांक 18 जनवरी, 2019 में उल्लिखित शर्ते यथावत रहेंगी।

3 - उपर्युक्त स्वीकृति से सम्बन्धित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-92- के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 4202-शिक्षा , खेलकूद कला तथा संस्कृति पर पूॅजीगत परिव्यय-04-कला तथा संस्कृति-800-अन्य व्यय-38-मथुरा में गीता शोध संस्थान की स्थापना- 24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2019/बी-1-170/दस-2019-231/2019 , दिनांक 22 मार्च, 2019 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(शिशिर)
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/

संख्या- 117 /2019/ 868 /चार-2019 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- निदेशक, कान्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज (उ0प्र0 जल निगम) लखनऊ।
3- वित्त नियंत्रयक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग/नियोजन अनुभाग-4,
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(शिशिर)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।